रजिस्टर्ड नं० HP/13/SML/2002.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, मंगलवार, 7 जनवरी, 2003/17 पौष, 1924

हिमाचल प्रदेश सरकार

प्रशिक्षण एवं विदेशी समनुदेशन विभाग

अधिसूचना

शिमला-171002, 30 नवम्बर, 2002

संख्या का०(प्र०)ए(3)-3/87.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, इस विभाग की समसंख्यांक अधिसूचना, तारीख 12 मार्च, 1997 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में अनुसंधान अधिकारी, वर्ग-II (राजपत्रित), भर्ती एवं प्रोन्नति नियम, 1997 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान, अनुसंधान अधिकारी, वर्ग-I (राजपत्रित), भर्ती एवं प्रोन्नति (प्रथम संशोधन) नियम, 2002 है।

(ii) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किये जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. संक्षिप्त नाम का संशोधन.—हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान, अनुसंधान अधिकारी, वर्ग-II (राजपत्रित), भर्ती एवं प्रोन्नति नियम, 1997 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के संक्षिप्त नाम,

3228-राजपत्र/2002-7-1-2003—1,506. (3011) मूल्य : 1 रुपया

विद्यमान शब्द, चिन्ह और रोमन अंक "वर्ग-II (राजपत्रित)" के स्थान पर "वर्ग-I (राजपत्रित)" (अलिपिक वर्गीय) शब्द, चिन्ह और रोमन अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

3. उपबन्ध "I" का संशोधन.—हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान अनुसंधान अधिकारी, वर्ग-II (राजपत्रित), भर्ती एवं प्रोन्नति नियम, 1997 के उपाबन्ध "I" में, —

(क) स्तम्भ संख्या 3 के सामने विद्यमान उपबन्धों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"वर्ग-I (राजपत्रित) अलिपिक वर्गीय" ।

(ख) स्तम्भ संख्या 4 के सामने विद्यमान उपबन्धों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"7220-220-8100-275-10300-340-11660 रुपये" ।

(ग) स्तम्भ संख्या 11 के सामने विद्यमान उपबन्धों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"अनुसन्धान सहायकों में से, जिनका 10 वर्ष का नियमित सेवाकाल या निरन्तर की गई तदर्थ सेवा सहित 10 वर्ष संयुक्त नियमित सेवाकाल हो, प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर हिमाचल प्रदेश सरकार के अन्य विभागों में से समरूप पदों पर समतुल्य वेतनमान में कार्यरत पदधारियों में से, प्रतिनियुक्ति द्वारा ।

(1) प्रोन्नति के सभी मामलों में, पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरण पद में की गई निरन्तर तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, प्रोन्नति के लिए इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अधीन रहते हुए गणना में ली जाएगी, कि सम्भरण प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति/प्रोन्नति, भर्ती एवं प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थी :

परन्तु यह कि उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरण पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई तदर्थ सेवा सहित जो नियमित सेवा/नियुक्ति के अनुसरण में हो, को शामिल करके) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां अपने-अपने प्रवर्ग/पद/काडर में उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति विचार किए जाने के पात्र समझे जायेंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगे :

परन्तु उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिये विचार किया जाना है, कम से कम तीन वर्ष की न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती एवं प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा जो भी कम हो, होगी :

परन्तु यह और कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जायेगा/समझे जाएंगे ।

स्पष्टीकरण.—अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा/समझे जायेंगे यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है, जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिस परसोनल

(रिजर्वेशन आफ वेकैन्सीज इन हिमाचल स्टेट नान-टैक्नीकल सर्विसिज) रूल्ज, 1972 के नियम 3 के प्रावधानों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो तथा इनके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे ऐक्स सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वेकैन्सीज इन दी हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसिज) रूल्ज, 1985 के नियम 3 के प्रावधानों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो तथा इनके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों।

इसी प्रकार स्थाईकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियुक्ति/प्रोन्नति से पूर्व सम्भरण पद पर की गई निरन्तर तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी, यदि तदर्थ नियुक्ति/प्रोन्नति उचित चयन के पश्चात् और भर्ती एवं प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी:

परन्तु उपर्युक्त निर्दिष्ट तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात् जो स्थायीकरण होगा उसके फलस्वरूप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।

(ब) स्तम्भ संख्या 17 के सामने विद्यमान उपबन्धों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात:—

"सेवा में प्रत्येक सदस्य को, हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा नियम, 1997 में यथाविहित विभागीय परीक्षा पास करनी होगी।"

आदेश द्वारा,

अरविन्द कौल,
प्रधान सचिव।

[*Authoritative English text of Government Notification No. Per (Trg.)A(3)-3/87, dated 30th November, 2002 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India*].

TRAINING AND FOREIGN ASSIGNMENTS DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-171002, *the 30th November*, 2002

No. Per.(Trg.)A(3)-3/87.—In exercise of the powers conferred by proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor, Himachal Pradesh in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission is pleased to make the following rules further to amend the Himachal Pradesh Institute of Public Administration, Research Officer, Class-II (Gazetted), Recruitment and Promotion Rules, 1997, notified *vide* this Department's Notification of even number, dated 12-3-1997; namely:—

1. *Short title and commencement.*—(*i*) These rules may be called the Himachal Pradesh Institute of Public Administration, Research Officer, Class-I (Gazetted), Recruitment and Promotion (First Amendment) Rules, 2002.

(*ii*) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra, Himachal Pradesh.

2. *Amendment of short title.*—In short title of the Himachal Pradesh Institute of Public Administration, Research Officer (Class-II Gazetted), Recruitment and Promotion

Rules, 1997 (hereinafter referred to as the "said rules") for the existing word, sign & Roman figure "Class-II, Gazetted", the words, sign and Roman figure, "Class-I, Gazetted" (Non-Ministerial) shall be substituted.

3. *Amendment of Annexure "I".*—In the Annexure "I" to the Himachal Pradesh Institute of Public Administration, Research Officer (Class-II, Gazetted), Recruitment and Promotion Rules, 1997:—

(*a*) For the existing provisions against Column No. 3, the following shall be substituted, namely:—

"Class-I (Gazetted) Non-Ministerial".

(*b*) For the existing provisions against Column No. 4, the following shall be substituted, namely:—

"Rs. 7220-220-8100-275-10300-340-11660".

(*c*) For the existing provisions against Column No. 11, the following shall be substituted, namely:—

By promotion from amongst the Research Assistants with 10 years regular service or regular combined with continuous *ad hoc* service, failing which by deputation from amongst the incumbents of this post working in the identical pay scale of the post in the Himachal Pradesh Government Departments.

(1) In all cases of promotion, the *ad hoc* service rendered in the feeder post, if any, prior to regular appointment to the post shall be taken into account towards the length of service as prescribed in these rules for promotion subject to the condition that the *ad hoc* appointment/promotion in the feeder category had been made after following proper acceptable process of selection in accordance with the provisions of Recruitment & Promotion Rules, provided that in all cases where a junior person becomes eligible for consideration by virtue of his total length of service (including the service rendered on *ad hoc* basis followed by regular service/appointment) in the feeder post in view of the provision referred to above, all persons senior to him in the respective category/post/cadre shall be deemed to be eligible for consideration and placed above the junior person in the field of consideration :

Provided that all incumbents to be considered for promotion shall possess the minimum qualifying service of atleast three years or that prescribed in the Recruitment and Promotion Rules for the post, whichever is less :

Provided further that where a person becomes ineligible to be considered for promotion on account of the requirements of the preceding proviso the person(s) junior to him shall also be deemed to be ineligible for consideration for such promotion.

Explanation.—The last proviso shall not render the junior incumbents ineligible for consideration for promotion if the senior ineligible persons happened to be Ex-servicemen recruited under the provisions of Rule 3 of Demobilised Armed Forces Personnel (Reservation of Vacancies in Himachal State Non-Technical Services) Rules, 1972 and having been given the benefit of seniority thereunder or recruited under the provisions of Rule 3 of Ex-servicemen (Reservation of Vacancies in the Himachal Pradesh Technical Services) Rules, 1985 and having been given the benefit of seniority thereunder.

(2) Similarly, in all cases of confirmation, continuous *ad hoc* service rendered on the feeder post, if any, prior to the regular appointment/promotion against such post shall be taken into account towards the length of service, if the *ad hoc* appointment/promotion had been made after proper selection and in accordance with the provision of the Recruitment & Promotion Rules :

Provided that *inter se* seniority as a result of confirmation after taking into account, *ad hoc* service rendered to above shall remain unchanged ; and

(*d*) For the existing provisions against Column No. 17, the following shall be substituted, namely:—

"Every member of the service shall pass a Departmental Examination as prescribed in the Himachal Pradesh Departmental Examinations Rules, 1997".

By order,

ARVIND KAUL,
Principal Secretary.

नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-5 द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित